### ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिर्री का मामला, प्रदर्शन से वाहनों की लगी कतार, समझाइश देती रही पुलिस

# दो युवकों की मौत पर ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश सड़क पर शव रख कर किया चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र थाना अंतर्गत ग्राम जिर्री में हुए हादसे में दो युवकों की मौत के दूसरे दिन ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। लाश को सड़क पर रखकर आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने चकाजाम प्रदर्शन किया। लोगों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया गया लेकिन आक्रोशित लोगों का कहना था कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही की जाये। पुलिस अधिकारियों को मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।







## 2 से 3 घंटे तक चला प्रदर्शन

सड़क पर किये जा रहे प्रदर्शन के चलते आवागमन अवरूद्ध हो गया। वाहनों की कतारें लग गई। बताया जाता है कि करीब 2 से 3 घंटे बाद ग्रामीणों को किसी तरह समझाइश देकर मामला शांत कराया गया तब जाकर ग्रामीण माने एवं आवागमन बहाल हो सका।

## दो युवकों की हो गई थी मौत

गौरतलब है कि मंगलवार की दोपहर में रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में जिर्री गांव के आनंद यादव और चाहत यादव की मौत हो गई थी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। हादसे के दूसरे दिन बुधवार को दोनों युवकों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद आक्रोशित परिजन और सैकडो ग्रामीणों ने दोनों मृतकों के शव को सड़क में रख चक्का जाम कर दिया और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। लगभग दो घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। वही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाइश द चक्का जाम खुलवाया।

## जंगल में छिपा दिया था वाहन

पुलिस ने बताया कि हादसा कारित करने के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया था। घटनास्थल पर ट्रैक्टर ट्राली नहीं मिली थी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो चंद घंटों में वाहन बरामद कर लिया था। चालक ने वाहन को जंगल में छुपाकर रखा गया था।



### खबर संक्षेप

## हादसे रोकने ब्लैक स्पाटों का किया निरीक्षण

**कटनी।** बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने रोड सॉफ्ट ऑडिट कार्य को लेकर स्कूल आफ प्लानिंग आर्किटेक्चर भोपाल के ऑडिटर डॉक्टर मयंक दुबे के साथ मिलकर ब्लैक स्पाटों का निरीक्षण करते हुए सुधार कार्य के लिए रूपरेखा तैयार की। जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि शहर में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण जानने के लिए आज नगर निगम सीमा अंतर्गत 4 ब्लैक स्पॉट पन्ना तिराहा, बड़े हनुमान मंदिर से चाका तिराहा, झिंझरी, दुर्गा चौक तक स्थानों में आवश्यक सुधार हेतु स्थल निरीक्षण कर रोड सॉफ्ट ऑडिट कार्य हेतु स्कूल ऑफ प्लानिंग आर्किटेक्चर भोपाल के ऑडिटर डॉ. मयंक दुबे से चर्चा की गई एवं शहर में स्थित ब्लैक स्पॉट के साथ मुख्य चौराहे चांडक चौक, माधवनगर चौराहे के डिजाइन में तकनीकी सुधार, प्लानिंग पर सुझावों दिए गए। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे, सुनील सिंह नगर निगम, डॉ मयंक दुबे, योगेश पावर सीओओ अर्बन ट्रांसपोर्ट नगर निगम मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की हुई बैठक

**कटनी।** जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष रघुराज सिंह, सदस्य अजय कुमार गोटिया, समिति सचिव मनीष कुमार मिश्रा उप संचालक कृषि, संतकुमार त्रिपाठी परियोजना अधिकारी उघान, अनीता चौधरी सहायक संचालक मत्स्य पालन, डॉ राजेश कुमार सोनी उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभाग प्रमुखों द्वारा विभागीय योजनाओं की लक्ष्य एवं पूर्ति से सदन को अवगत कराया गया। उप संचालक कृषि द्वारा 29 एवं 30 मार्च 2025 को कृषि महाविघालय जबलपुर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय कृषि मेले के बारे अवगत कराया गया एवं इस मेले में जिले से अधिक से अधिक किसानों को सम्मलित हो सके इस हेतु समिति के सदस्यों नें मेले का प्रचास-प्रसार करनें की बात कही। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि चना, मसूर एवं सरसों के समर्थन मूल्य पर उर्पाजन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च है। बैठक के दौरान सदन द्वारा गेहूं कटाई उपरांत नरवाई ना जलाने हेतु कृषकों के बीच पहुंचकर प्रचार प्रसार करनें के निर्देश दिए गए।

## पीएम इंटर्नशिप योजना हेतु आवेदन 12 मार्च तक

**कटनी।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के तहत कंपनियों में इंटर्नशिप के लिये 12 मार्च तक आवेदन किये जा सकेंगे। प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई रोहितास नें बताया कि जिले के दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा या ग्रेजुएट इच्छुक युवा अपनी योग्यता अनुसार 12 मार्च 2025 तक उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

*पीएम सम्मान निधि के लिए मार्च से फार्मर आइडी अनिवार्य*

# 20 मार्च तक फार्मर आईडी बनाये जाने की कार्यवाही पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटनी

प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। इससे कृषकों को आसानी से केसीसी से ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी और हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए लक्ष्य निर्धारण व कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी इस हेतु भारत सरकार एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एग्रीस्टैक योजना के तहत प्राप्त निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने की कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मार्च 2025 से फार्मर आईडी की अनिवार्यतः एवं विशेष केंद्रीय सहायता के तहत इंसेंटिव राशि के संबंध में यह आवश्यक है कि प्रत्येक भूमिस्वामी कृषक के लिए फार्मर आईडी युद्धस्तर पर बनाई जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार व नायब तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कैंप की जानकारी प्रति दिवस सायं 5 बजे तक भू-अभिलेख कार्यालय कटनी में भेजना सुनिश्चित करें तथा फार्मर आईडी बनाये जाने की कार्यवाही 20 मार्च तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

## लगभग 69 फीसदी कार्य पूर्ण

जिले के कुल 970 ग्रामों में सम्मिलित 419 हल्कों में 176762 फार्मर आईडी बनाए जाने का लक्ष्य है, जिसमें से 121194 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। शेष 55568 फार्मर आईडी 20 मार्च 2025 तक बनाए जाने के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव नें कैंपों के सफल आयोजन हेतु शिविर प्रभारी एवं सहयोगी के रूप में संबंधित ग्राम के स्थानीय युवाओं को नियुक्त करते हुए कैम्प की जानकारी अद्यतन करने एवं कैम्प आयोजन के लिए आवश्यक समन्वयक व अधिकारियों द्वारा कैम्प भ्रमण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत इंसेटिव राशि

प्रत्येक कैम्प में भारत सरकार द्वारा कुल 15 हजार रुपये की राशि दी जायेगी। गांवों के क्लस्टर से पीएम किसान डेटाबेस अनुसार कम से कम 50 प्रतिशत किसानों को रजिस्टर करने के लिए यह तीन राशि तीन किस्तों में देय होगी, जिसमें 5 हजार रुपये की राशि प्रथम 15 प्रतिशत, 5 हजार रुपये की राशि आगामी 15 प्रतिशत और 5 हजार रुपये की राशि आगामी 20 प्रतिशत फार्मर आईडी जनरेट करने पर प्राप्त होगी। यह राशि फार्मर आईडी एवं खसरा आधार लिंकिंग के लिए नियत कार्यवाही पूर्ण करने पर प्राप्त की जा सकेगी।

## फुटपाथी दुकानदारों पर अतिक्रमण दस्ते ने की कार्रवाई



नगर के मुख्य मार्गों में फुटपाथ के किनारे दुकानें लगाकर यातायात में अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध नगर निगम अतिक्रमण विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही में सब्जी फल बालों की दुकान का समान ज़ब्त कर लिया गया जिससे आक्रोशित विक्रेता ने अतिक्रमण विभाग में जमकर हंगामा किया और साथ ही अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ कर्मचारी सब्जी बालों से हर महीने पैसा वसूल करते है नहीं देने पर उनका समान जप्त कर लिया जाता है करीब दो घंटे हंगामा चलता रहा और अधिकारी समझाइश में लगे रहे।

# प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा, की गई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज बरही

शासकीय महाविद्यालय की छात्राएं ने शैक्षणिक भ्रमण में लेट लतीफी करना व छात्राएं की जिम्मेदारी न लेने से छात्राएं में आक्रोश ABvp छात्राएं व पूर्व छात्र एलुमिनियाई संगठन प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोला एकजुट होकर नारेबाजी की प्राचार्य तेरी तानाशाही नहीं चलेगी ABvp जिन्दाबाद के साथ सुबह 11 बजे से धरने पर बैठे छात्र छात्राएं सुध लेने वाला कोई नहीं। प्राचार्य नदारत रहे।



## कई बार हो चुकी है बैठक

जब छात्रों से पूँछा गया की किस मांग को लेकर धरना रखा गया है तब छात्रों ने अपना दुःख व्यक्त किया छात्रों का कहना था की हर साल की तरह इस इस साल भी शैक्षिणिक भ्रमण था जो की बरही कॉलज से तीन मार्च को पंचमढी के लिए रवाना होना था पर ऐसा नही हुआ छात्रों का कहना था की तीन से चार बार टूर् के लिए बैठक भी हुई पर कोई फायदा नही हुआ। छात्राओं का कहना था कि टूर् के प्लान में हेर फेर करने के लिए प्राचार्य त्रिपाठी ने प्रोफसर एसएस धुर्वे को कहा की जितने भी छात्र टूर पर जाएंगे उनकी जिम्मेदारी के लिए आप को लिखित मे देना होगा। छात्राओं का कहना था कि प्राचार्य की मनमानी से वे टूर पर नहीं जा पा रही। बरही कॉलेज में आखिरी कब तक मनमानी चलती रहेगी। आखिर कब तक छात्रों के साथ अन्याय होगा।

*आबकारी अमले ने स्लीमनाबाद क्षेत्र में की कार्यवाही*

# 89 हजार की मदिरा एवं लाहन किया जब्त, 12 प्रकरण किये गए पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी अधिकारी आर के बघेल के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद में दविश दी जाकर ग्राम नेगवा, तेवरी की भटिया, कौडिया, मवई देवरी एवं ग्राम तेवरी में अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध दबिश की कार्यवाही की गई।



## 860 किलो लाहन कराया नष्ट

दबिश के दौरान आबकारी विभाग की टीम द्वारा 26 पाव देशी मदिरा, 20 लीटर अवैध भट्टी मदिरा एवं 860 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर जब्त किया जाकर महुआ लाहन का सैंपल मौके पर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

आबकारी विभाग द्वारा मंगलवार की की गई दबिश की कार्यवाही के दौरान कुल 12 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। जब्त किए गए मदिरा लाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 89 हजार रूपये है।

## कार्यवाही में ये रहे शामिल

दबिश की कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, महेन्द्र कुमार शुक्ला, केशव प्रसाद उइके आबकारी आरक्षक राम सिंह, राजेश गौटिया एवं नगर सैनिक उमेश मिश्रा, सचिन दुबे, ज्ञानेन्द्र सिंह सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु जिले में इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### पोषण ट्रेकर एप में डाटा एंट्री में कमी और अद्यतन जानकारियों के अभाव पर फटकार

# दो परियोजना अधिकारियों और तीन ब्लॉक को- आर्डिनेटर को थमाया शोकाज

हरिभूमि न्यूज कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बुधवार को महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने परियोजना एवं सेक्टरवार आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को पोषण आहार वितरण कार्य के बारे में भी जानकारी ली और कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी मे लाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री यादव नें विभागीय गतिविधियों और क्रियाकलापों की जानकारी से अवगत नहीं करा पाने वाले विजयराघवगढ़ के परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल और बड़वारा के परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करनें जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। इन दोनो अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं का समीक्षा बैठक के दौरान वांछित प्रस्तुतिकरण नहीं किया जा सका, जिससे दोनों अधिकारियों में विभागीय कार्य के प्रति दक्षता की कमी परिलक्षित हुई। जिस वजह से कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों की मौजूदा कार्यप्रणाली के प्रति गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लानें के निर्देश दिए।

इसी प्रकार कलेक्टर श्री यादव ने पोषण ट्रेकर साफ्टवेयर मे दर्ज



आंकड़ों का विस्तृत विवरण नहीं बता पाने पर बड़वारा, विजयराघवगढ़ और रीठी के ब्लॉक को-आर्डिनेटर की संविदा सेवाएं समाप्त करने का कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर एप में संविदा के ब्लॉक को-आर्डिनेटर द्वारा डाटा एंट्री कार्ड की कमी पाए जाने पंर अप्रसन्नता व्यक्त की और इस कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान यह पता चला कि विभाग में महिला बाल विकास के सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पद रिक्त है। इससे भी विभागीय कार्यो एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फलस्वरूप कलेक्टर श्री यादव ने इन सभी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शासन के नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार पदों की पूर्ति करने की कार्यवाही हेतु पत्राचार करनें के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में गर्भवती एवं धात्री माताओं की संख्या एवं पोषण ट्रेकर में पंजीयन की स्थिति एवं ई-के.वाईसी, आंगनबाड़ी केन्द्रों के खुलनें की स्थिति, टी.एच.आर एवं एच.सी.एम वितरण की जानकारी, अति गंभीर कुपोषित सेम और अति कुपोषित मेम बच्चों की जानकारी सहित मुख्य मंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी परियोजना अधिकारियों, और सुपरवाइजर्स द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण की भी समीक्षा की जिसमें परियोजना अधिकारी विजयराघवगढ़, रीठी, मुड़वारा और कटनी शहर के परियोजना अधिकारियों द्वारा निर्धारित संख्या मे आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण न करने पर इन सभी के प्रति असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निपटारे की स्थिति की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह, सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुर्वेती सहित सभी परियोजनाओं के आई.सी.डी.एस परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।



# महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज कटनी

विकासखंड रीठी के ग्राम वसुधा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नाबार्ड के सहयोग से रीठी फसल एफपीओ द्वारा अपने समूहो के साथ मनाया गया। जिसमें पीएम इंटर्नशिप योजना एवं ग्रामीण जागरुकता के विषय में बताया गया साथ में रीठी फसल फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के विषय जानकारी दी गई तथा महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए भी जागरूकता की जानकारी दी गई एवं उन्हें सम्मानित किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि नाबार्ड डीडीएम डॉ विकास कुमार जैन सहित, कृषि विभाग से डीडीए मनीष मिश्रा एवं आत्मा परियोजना से रजनी चौहान, अतुल सिंह एवं प्रवीण पाठक , तथा आरसीटी डायरेक्टर पवन कुमार गुप्ता एवं ईसाफ फाउंडेशन से कलस्टर कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कुमार लोधी एवं आशीष कुमार सहित रीठी फसल एफपीओ के अध्यक्ष उमाशंकर लोधी सहित अन्य डायरेक्टर उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## बाइक की टक्कर लगने से प्रधान आरक्षक घायल

**कटनी।** जांच अभियान के दौरान बाइक की ठोकर लगने से एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया। घटना उस वक्त हुई जब एनकेजे पुलिस रपटा पुल के पास कार्यवाही कर रही थी। बताया जाता है कि बुधवार दोपहर रपटा पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग के दौरान प्रधान आरक्षक कोदू लाल पटेल यहां से गुजर रहें एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास उनके द्वारा किया गया। लेकिन बाइक सवार युवक रुकने की जगह प्रधान आरक्षक कोदूलाल पटेल को टक्कर मार कर भाग निकला हालांकि पुलिस चेकिंग के दौरान अन्य पुलिस कर्मी यहां मौजूद थे बाइक सवार का पीछा किया गया और आगे जा कर उसे पकड़ लिया गया है। वही घायल पुलिसकर्मी को डॉयल 100 वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

## अलग अलग स्थानों में दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** कुठला पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार सुखराम आदिवासी 40 साल निवासी भरवारा के कब्जे से 18 पाव देशी प्लेन मदिरा, मुन्ना तिवारी 52 साल निवासी हरदुआ के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन मदिरा, धर्मेन्द सोनी 53 साल निवासी मशरूहा वार्ड कोतवाली कटनी के कब्जे से 150 पाव देशी प्लेन मदिरा, पुष्पेन्द दाहिया 25 साल निवासी बरती थाना रामपुर बघेलान सतना के कब्जे से 25 पाव देशी प्लेन मदिरा, अनुज खरे 22 साल निवासी मझगवा के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 44.64 लीटर शराब कीमत 23800 रुपये की जप्त की। कार्यवाही मे निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक के के सिंह, विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक केशव मिश्रा, सुनील पाण्डेय एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह का सुनाया प्रसंग



**सिलौंडी।** गोपालपुर लालपुर में चल रही भागवत में कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण रुकमणी विवाह की कथा को सुनाया । भगवान श्री कृष्ण के16008 विवाह की कथा को सुनाया ।भगवान श्री कृष्ण के मां रुकमणी हरण की कथा सुनाई । झांकी के रूप में भगवान की बारात निकाली गई जिसमें यज्ञ समिती के अध्यथ मोहन बागरी,कोढ़ी ,शिवकुमार रजक डुमारी लाल साहू ,जनपद सदस्य निरंजन खटीक ने बारात का भव्य स्वागत किया । भगवान कृष्ण रुकमणी का पूजन अर्चन सरपंच मोहन मीना बागरी , सरपंच खमहिया बागरी अनिल सिंह बागरी,गोपालपुर सरपंच अर्चना प्रवीण तिवारी ,उदय सिंह बागरी ,पंकज तिवारी,नरेंद्र बागरी सोहन बागरी ने किया । इस दौरान सुशील तिवारी पंडा,सचिव शंकर लाल साहू ,लखन बागरी सचिव ,मनोज साहू ,मदन बाजपेई, राजकुमार तिवारी रहे ।

## चना, मसूर, सरसों का पंजीयन 10 मार्च तक

**कटनी।** रबी वर्ष 2024-25 और विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 मार्च 2025 तक चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन किया जाना है। चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन गेहूँ के पंजीयन के लिये निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्र में किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा ने कृषकों से अपील की है कि उपार्जन हेतु चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन निर्धारित अवधि में करें।

### स्लीमनाबाद पुलिस ने भ्रमण के दौरान किया गिरफ्तार, छुरा व बाइक जब्त

# बदमाश बना रहे थे योजना, पुलिस को देखकर भागे, पीछा कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसी वारदात को अंजाम देने के लिये योजना बना रहे बदमाशों को स्लीमनाबाद पुलिस ने धर लिया। पकड़े गए तीन बदमाशों ने कुछ दिनों पूर्व एक युवक को लूट लिया था। सूत्रों के मुताबिक विपिन पिता राजेश साहू 25 साल निवासी चाका थाना कुठला ने गत बीते 25 फरवरी को शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि ग्राम खिरवा मोड़ बंधी रोड़ मे वह रिश्ते के भाई की किराना दुकान पर बैठा था। उसके साथ आनंद यादव, रामसिह, सोनू एंव उनके 2 साथियों के व्दारा गुंडा गर्दी कर मोबाईल फोन ओप्पो रेनो 10, एवं काउंटर की दराज में रखे 7 हजार रुपये और जेब में रखे 5 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित की शिकायत पर धारा 310 (2), 126 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया गया।

एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एसडीओपी प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया को विवेचना दौरान बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि तिहारी पुलिस के पास मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 21 एमएम 3912 मे तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े है। सूचना पर पुलिस तत्काल तिहारी पुलिया के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही उक्ति व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें पुलिस द्वारा घेरबंधी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम अंकित पिता राजेश यादव 22 साल निवासी झिझरी थाना माधवनगर, रामसिंह पिता उदय भान रघुवंशी 24 साल निवासी कैलवारा फाटक छेघरा थाना कोतवाली एवं सोनू पिता कालू साहू 21 साल निवासी शिवनगर के होना बताया।



पुलिस के मुताबिक पकड़े गए तीनों आरोपी किसी अपराध को घटित करने के इरादे से घात लगाए खड़े थे इसके पहले कि वह अपने मंसूबे पूरे कर पाए पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि गत 25 फरवरी 5 को रात्रि 9 बजे विपिन पिता राजेश साहू उम्र 25 साल निवासी चाका थाना कुठला जिला कटनी के साथ ग्राम खिरवा मोड़ बंधी रोड़ किराना दुकान से मोबाईल फोन एवं काउंटर की दराज में रखे रुपये और विपिन साहू के जेब में रखे रुपये छीनकर अन्य 2 साथीयो के साथ घटना घटित करना स्वीकार किया।

आरोपी अंकित यादव, रामसिंह रघुवंशी एवं सोनू साहू को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियो से प्रार्थी का मोबाइल, छुरा, 2200 रूपये नगदी एवं एक डीलक्स मोटर सायकिल जप्त किया गया। प्रकरण के अन्य 2 आरोपी मंजा आदिवासी एवं इशू यादव दोनो की तलास की जा रही है।

आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक अखलेश दाहिया थाना प्रभारी, सउनि जुबेर अली, बृजेन्द्र उरमलिया, प्र.आर. अंजनी मिश्रा प्र.आर. तेज प्रकाश, विजय सिंह, शेख युसूफ, अनिल विश्वकर्मा, अंकित दुबे, लखन पटेल, आर. मनीष पटेल, आशीष पटेल, विवेक झारिया, बृजेश सिंह, सोने सिंह, अभिषेक सिंह राजावत, दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा, नेहा भट्ट की अहम भूमिका रही।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में मंगलवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने गीत,नृत्य,सामूहिक नृत्य,कॉमेडी नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मनमोह लिया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश ब्यौहार,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे, प्राचार्य डॉ. रतिराम अहिरवार,थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,कालूराम चौरसिया,राजा चौरसिया, गोविंद प्रताप सिंह, बंसत चौरसिया,संतोष दुबे,पारस पटेल, अटल ब्यौहार,रतिराम आदिवासी, सत्तू पांडेय,जितेंद्र अरोरा,अश्विनी शुक्ला,रमन शुक्ला, मुन्नू गौतम,जगन्नाथ मांझी,संदीप सोनी, प्रमोद असाटी,शैलेन्द्र पौराणिक, ऋषभ त्रिपाठी,अतुल गर्ग, सुशील झारिया,प्रदीप चौरसिया,रिंकू मिश्रा, वैभव चौरसिया,अरविंद ब्यौहार, अरुण गुप्ता,दिनेश गुप्ता,अंकित झारिया,महाविद्यालय स्टॉफ,छात्र छात्राओं सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या शुक्ला और आभार डॉ. दीपिका जैन ने जताया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ.आशीष पांडे, डॉ. नीमा सिंह, डॉ. अरुणादास, डॉ. ईश्वरदीन चौधरी, डॉ. जयप्रकाश अवस्थी मौजूद रहे।

### जिले में 13 लोक सुनवाई एवं जन संवाद कार्यक्रम

## नवाचार : ग्रामीणों के बीच जाकर कलेक्टर सुनेंगे समस्याएं, आज कन्हवारा में संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। लोक सुनवाई का ज़िले का पहला कार्यक्रम गुरुवार 6 मार्च को शाम 4 बजे से ग्राम पंचायत कन्हवारा में आयोजित होगा। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर ने सभी की उपस्थिति के लिए निर्देश भी जारी कर दिया है।

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की टीम द्वारा आमजनता के बीच ग्राम पंचायत तक पहुंच कर उनकी समस्याएं और शिकायतें जानने की पहल सुशासन की नजीर है। यह पहल करने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां के कलेक्टर सहित जिला अधिकारी गांव में जाकर लोगों का दुःख-दर्द जानेंगे।

जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कन्हवारा में 6 मार्च को पहली लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में बुधवार 12 मार्च को दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 20 मार्च को बडवारा के विलायतकला, बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### संयुक्त टीम ने व्यवस्थाएं सुधारने के लिए किया प्रयास



थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस एवं नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा गोल बाजार, सब्जी मंडी, फल मंडी में आगामी होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए बाजार क्षेत्र में सुलभ आवागमन एवं बाजार क्षेत्र में लगी दुकानों को सुव्यवस्थित तरीके से लगाने के लिए दुकानदारों को समझाइश दी गई एवं बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था रखने की भी समझाइश दी गई ताकि बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का यातायात बाधित न हो और न ही आमजन को यातायात की समस्या का सामना करना पड़े। कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय, उप निरीक्षक सुदामा प्रसाद दाहिया,प्रधान आरक्षक शमशेर सिंह, आरक्षक हिमांशु दुबे,आरक्षक भूपेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह,कालू अनारे एवं नगम निगम से शैलेन्द्र प्यासी,अजय कुशवाहा, अब्दुल नसीम, शरमन बर्मन,अंशुल अहिरवार,रोहित बर्मन,रंजीत खटीक, इत्यादि रहे ।

## लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 08 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभांवित कराए जाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा जिला न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर, अमित रंजन समाधिया जिला न्यायाधीश, एस0पी0एस0 बुंदेला जिला न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहें।



इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुमित शर्मा ने बताया कि पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती मनीषा प्यासी एवं राजा अहिरवार के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभो के बारे में बताया जा रहा है तथा पम्पलेट व ऑडियो क्लिप के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आम जन को जागरूक किया जा रहा है, जिससे पक्षकारगण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरण का निराकरण करने के लिए प्रेरित हो और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाये।

### संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग ने जारी किया आदेश

## सभी विकासखंडों के 26 शिक्षकों को मिला क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा कटनी जिले के विकासखंडों के 26 शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान का प्रावधान किया गया है। आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कटनी (पदेन सदस्य सचिव) द्वारा माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों की क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों का विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति की बैठक 28 फरवरी 2025 परीक्षणोपरान्त की गई अनुशंसा उपरान्त नवीन शैक्षणिक संवर्ग में माध्यमिक शिक्षक पद पर कटनी जिले से 1 जुलाई 2018 अथवा इसके पश्चात पात्रता तिथि को 24 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर नियुक्त किया गया है। कटनी जिले के 26 विकास खण्ड से विकास खण्ड कटनी से 13, विकास खण्ड बड़वारा से 2, विकास खण्ड ढ़ीमरखेड़ा से 5, विकास खण्ड बहोरीबंद से 2, विकास खण्ड विजयराघवगढ़ से 3, विकास खण्ड रीठी से 1 को द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान छठवें वेतनमान रुपये 990-34800 ग्रेड पे 4200 एवं सातवें वेतनमान 42700-135100 लेवल-10 पर सशर्तों स्वीकृत किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, आहरण संवितरण अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख संबंधित के मूल सेवा अभिलेख व कार्यालयीन अभिलेख से मिलान कर यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित माध्यमिक शिक्षक को जिस तिथि से क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृ किया गया है, उक्त तिथि को उनके द्वारा प्रथम नियुक्ति होने के समय संस्था, शाला में कार्यभार ग्रहण तिथि से निरंतर 12 वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली गई है, जिसमें सेवा में व्यवधान अथवा अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि सम्मिलित नहीं हों। लोक सेवकों की अनधिकृत अनुपस्थिति अवधि के कारण ''काम नहीं दाम नहीं'' के आधार पर वेतन भुगतान न किया गया हो अथवा सक्षम अधिकारी के द्वारा आज दिनांक तक लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का निराकरण नहीं किया गया है तो ऐसे प्रकरणों मे क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने से पूर्व लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का परीक्षण कर उक्त अनुपस्थित अवधि के नियमानुसार निराकरण हेतु सक्षम अधिकारी को उचित माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रस्ताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। किसी भी प्रकार की विपरीत स्थिति पाए जाने पर क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं इस कार्यालय को अवगत कराया जाएगा ताकि संबंधित लोक सेवकों को प्रदाय की गई क्रमोन्नति निरस्त की जा सके।

### महापौर प्रीति सूरी ने किया तीर्थयात्रियों का स्वागत

## बुजुर्ग तीर्थयात्रियों का जत्था हुआ रामेश्वरम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत भक्तिमय वातावरण में बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों का जत्था बुधवार को कटनी मुख्य स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रामेश्वरम के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रा पर जा रहे यात्रियों का तिलकवंदन कर माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मेयर इन काउन्सिल सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी, जयनाराण निषाद, गोविंद चावला, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सोनू सचिन बहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

### किये गए थे माकूल इंतजाम

जिले का मुख्य स्टेशन बुधवार को रामेश्वरम जानें वाले तीर्थयात्रियों और उन्हे तीर्थ यात्रा में भेजनें के लिए पहुंचे परिजनों से पूरा स्टेशन परिसर धर्म, आस्था, श्रद्धा के सैलाब से भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। यहां पहुंचे सभी 200 तीर्थयात्रियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उनके लिए जलपान के माकूल इंतजाम किये गए थे। यहां तीर्थयात्रियों को भोजन, मीठा और पानी की बोतल दी गई। पूरी यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों के चाय, नाश्ता से लेकर भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।



डिप्टी कलेक्टर एवं तीर्थ यात्रा योजना के प्रभारी विवेक गुप्ता ने बताया कि जिले के तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन में सशस्त्र पुलिस बल की एक चार की गार्ड भी भेजी गई है। इसके अलावा समूची व्यवस्था के पर्यवेक्षक के दायित्व के लिए सहायक प्रबंधक राजेश पटेल, संदीप कश्यप, राजाराम साहू और चन्द्रशेखर कोरी पर्यवेक्षक के तौर पर तीर्थयात्रियों के सहयोग के लिए गए है। ये सभी विभिन्न तीर्थ स्थानों में तीर्थ यात्रियों के ठहरने घूमने-फिरने और भोजन-नाश्ता आदि की व्यवस्था भी देखेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस विशेष ट्रेन के माध्यम से जिले के 200 बुजुर्ग तीर्थ यात्रा रामेश्वरम के लिये रवाना हुए। यात्रियों का सभी खर्च राज्य शासन द्वारा वहन करेगी। यात्रियों ने इस यात्रा के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद भी दिया।

तीर्थयात्रियों की रवानगी के दौरान स्टेशन परिसर में यात्रा के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, एस.डीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार बी.के.मिश्रा, नायब तहसीलदार आकाश नामदेव नगर निगम राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित तीर्थयात्रियों के परिजनों की मौजूदगी रही।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में 80 छात्रों ने की सहभागिता

## थ्री डी प्रिंटिंग रोबोटिक्स इंटरनेट आफ थिंग्स एवं मशीन लर्निंग और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पीएम श्री योजना के अन्तर्गत सेन्ट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग संस्थान भुवनेश्वर द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में 27 फरवरी से 4 मार्च 2025 तक थ्री डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, इंटरनेट आफ थिंग्स और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग विषय पर 30 घंटे का व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पायथन प्रोग्रामिंग के माध्यम से ए.आई.और एम.एल के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग, एल्गोरियम और न्यूरल नेटवर्क में आवश्यक कौशल प्राप्त किया साथ ही रोबोटिक्स एवं थ्री डी प्रिंटिंग, इंटरनेट आफ थिंग्स का कौशल सीखकर विद्यार्थियों ने थ्री डी प्रिंटिंग कार्य एवं रोबोट बनाकर डिजाइन का कौशल सीखा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल और रोजगार क्षमता में सुधार लाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।



सत्र के अंत में एक आंतरिक मूल्यांकन किया गया जिससे विद्यार्थियों की प्रगति और समझ का आंकलन किया गया एवं फीडबैक भी लिया गया। यह पहल सिद्धांत और वास्तविक जीवन के अनुपयोगों के बीच की खाई को भरनें के लिए वरदान साबित होगी जिससे छात्रों के तकनीकी कौशल और भविष्य के रोजगार अवसरों में सुधार होगा। यह प्रशिक्षण सेन्ट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर संस्थान भुवनेश्वर से पधारे श्री शक्तिपदा महापात्रा अशोक कुमार बल रोबोटिक्स उत्कर्ष कुमार दास थ्री डी प्रिंटिंग एवं निर्मल कुमार साहू मशीन लर्निंग और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रभारी उमाशंकर जाटव, जे.पी. त्रिपाठी एवं विद्यालय के स्टाफ सहयोग से संपन्न हुआ।

**खबर संक्षेप**

### गेहूं का उपार्जन 2,600 रूपए प्रति क्विंटल पर होगा

**पन्ना**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में मंगलवार को संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रि-परिषद द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को गेहूं उपार्जन पर बोनस भुगतान एवं सरप्लस गेंहू के निस्तारण के संबंध में गेंहू उपार्जन पर बोनस राशि रुपये 125 प्रति क्विंटल के स्थान पर राशि में वृद्धि करते हुए राशि रूपये 175 प्रति क्विंटल किये जाने का निर्णय लिया गया है। निर्णय अनुसार अब गेहूं का उपार्जन रूपये 2,600 प्रति क्विंटल पर किया जायेगा। उपार्जन कार्य 15 मार्च से प्रारंभ हो जायेगा। गेंहू की एमएसपी दर रूपये 2,425 प्रति क्विंटल पर उपार्जन पर रूपये 175 प्रति क्विंटल बोनस दिया जायेगा।

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र दमोह मार्ग पर स्थित पिंडरई गांव के पास की घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच

# साप्ताहिक बाजार कर ऑटो से जा रहे मनहारी विक्रेताओं के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





तेजगढ़ और तेंदूखेड़ा मार्ग के बीच मंगलवार की रात साप्ताहिक बाजार कर ऑटो से घर जा रहे मनहारी दुकानदारों के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया उसके ऑटो को पहले रुकवाया फिर लाठियों से मारपीट कर दी। घटना के बाद आरोपी भाग निकले और दोनों घायल तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी घायलों में मुहम्मद इसरार 45 अब्दुल सुभान 36 जो तेजगढ़ गांव के निवासी है। मंगलवार को तेंदूखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में आये थे और बाजार खत्म होने के बाद रात में ऑटो से घर बापस जा रहे थे उसी समय ये घटना हुई। घायलों ने बताया कि वह कई वर्षों से मंगलवार के दिन तेंदूखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में मनहारी की दुकान लगाने आते है। इस मंगलवार को भी आये थे और बाजार खत्म होने के बाद रात्रि साढ़े नौ बजे के लगभग वापस तेजगढ़ जा रहे थे लेकिन तेंदुखेडा से पांच किलोमीटर आगे दमोह मार्ग पर जहां कर्क रेखा का बोर्ड लगा है वहां उनका ऑटो पहुंचा। तभी बाइक सवार दो लोग अचानक सामने आ गए और विवाद करने लगे। देखते ही देखते वहां दो और लोग पहुंचे और उन्होंने लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट करने के बाद सभी लोग मौके से भाग गये और हम लोग तेंदुखेडा थाने आए और आवेदन दिया।

### विवाद का कारण अज्ञात

मुहम्मद इसरार खान ने बताया कि हम लोग मारपीट करने वाले आरोपियों को नहीं जानते।अचानक पहले दो लोग एक बाइक पर सवार होकर आए और हमारे ऑटो के सामने लगा दी। उसके बाद उनके दो साथी आ गये और चारों ने एक राय होकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मामला तेंदूखेडा थाने अतर्गत सीमा का है। इसलिए मामले की तेंदूखेड़ा थाने से जानकारी ली तो पता चला घटना रात्रि की हैं जिसमें आवेदन लिया गया है पुलिस पीड़ितों को लेकर रात्रि में ही मौके पर गई थी। मगर वहां कोई नहीं मिला जिन लोगों के साथ मारपीट हुई है। वह भी उन लोगों को नहीं पहचानते जिन्होने मारपीट की है आरोपी अज्ञात है खोजबीन जारी है तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश कर रही।

## स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में ब्लॉक टास्क फोर्स टीकाकरण की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देश अनुसार बुधवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में अनुविभागीय दंडाधिकारी तेंदूखेड़ा सौरभ गंदर्भ की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स (टीकाकरण)की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दस्तक अभियान की प्रगति पर चर्चा की गई,दस्तक पोर्टल पर लगातार एंट्री करने के निर्देश दिए गए,साथ ही महिला बाल विकास विभाग में 0 से 5 साल तक के बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा आपसी समन्वय्य से कार्य करने व कार्य को प्रगति लाने के निर्देश दिए,नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की रिपोर्ट की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए, आशा मोबिलाइजेशन,आशा डायरी पूर्ण करने एवं जांच कर वेरीफाई करने के निर्देश दिए गए साथ ही प्रत्येक माह में बैठक के उपरांत जानकारी ब्लॉक स्तर पर साझा करने के लिए निर्देशित किया गया, नियमित टीकाकरण प्रतिमाह करने निर्देशित किया, एनीमिया मुक्त भारत हेतु नियमित आयरन की खुराक वितरित करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही अनुविभागी अधिकारी तेंदूखेड़ा ने सीएचओ ,एएनएम ,आशा पर्यवेक्षक की संयुक्त बैठक आयोजित करने एवं समीक्षा में उपस्थित रहकर समीक्षा करने के निर्देश दिए साथ ही पत्राचार की प्रति एसडीम ऑफिस भेजना भी सुनिश्चित करें। बैठक में अनुविभागीय दंडाधिकारी सौरभ गंधर्व, जिला टीकाकरण अधिकारी विशाल शुक्ला, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी जबेरा डॉक्टर डीके राय, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी तेंदूखेड़ा आर एल बागरी, परियोजना अधिकारी की प्रतिनिधि सुपरवाइजर दीपा कोरी, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से एफएम राजू पांडे ,सतीश वासनिक, अंतरा फाउंडेशन से आरती, जबेरा स्टाफ से बीपीएम मुकेश डावर,डेरिक ब्राउन, एमपीडब्ल्यू परसोत्तम राय, फार्मासिस्ट सुनील सोनी की मौजूदगी रही।

## चार माह से वेतन न मिलने से आउटसोर्स कर्मचारियों ने एसडीएम को सोंपा ज्ञापन




**बनवार**। जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर एकत्रित होकर एसडीएम सौरभ गंधर्व को ज्ञापन सौंपा ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि महोदय हम लोगों की चार महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है और पिछले वर्ष मार्च अप्रैल का भी भुगतान नहीं हुआ है जिससे हम लोगों को परिवार चलाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है आपसे निवेदन है कि हम लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराया जाए जिससे आर्थिक संकट से राहत मिल सके। अनुविभागीय अधिकारी सौरभ गंधर्व द्वारा उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण कराये जाने का आश्वासन सभी कर्मचारियों को दिया गया।

## अल्प प्रवास पर जबेरा पहुंचे सांसद



**बनवार**। सांसद राहुल सिंह का अल्प प्रवास पर जबेरा पहुंचने पर भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला, शाल और श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी ढुबे, रवि शंकर बाजपेई, जितेंद्र ढुवे चंद्रशेखर बाजपेई नोहटा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह महामंत्री रानू नामदेव मनोज राय कालू मलैया सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसपी ने निरीक्षक विजय अहिरवार को बनाया कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक




**तेंदूखेड़ा**। शासन के आदेशानुसार नगर निरीक्षक विजय अहिरवार को कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया हैं मंगलवार को रात्रि 8 बजे पुलिस थाना प्रांगण में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंषी के द्वारा केंची से निरीक्षक की रिबिन हटाकर कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहां कि जब से विजय अहिरवार ने तेंदूखेड़ा नगर निरीक्षक का पदभार संभाला हैं तब से आज तक लाइन आर्डर की स्थिती निर्मित नहीं हुई हैं नगर के लोगों के द्वारा श्री अहिरवार के संबंध में बहुत सी अच्छी बातें बताई गई जो सराहनीय हैं। इसके अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों ने विजय अहिरवार को तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी सेवानिवृती तक बनाएं रखने के लिए कहा गया हैं अगर नगर निरीक्षक चाहें तो तेंदूखेड़ा में रह सकते हैं। न्यायाधीष पूजित कमल ने नगर निरीक्षक विजय अहिरवार को उप पुलिस अधीक्षक बनाएं जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी। इसके अलावा डां. परम सिंह लोधी, रतन लाल साहू, दीपक कटारे, गुड्डा मासाब, गोविंद यादव, प्राचार्य पीएल रैकवार, बबलू घोषी आदि ने अपने विचार रखकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान विजय अहिरवार के परिजनों के अलावा कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधी एवं समस्त थानों के प्रभारी शामिल रहे।

## पुलिस अधीक्षक पहुंचे तेंदखेड़ा दयोदय गौशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने मंगलवार को शाम को नगर की दयोदय गौशाला पहुंचे उनके साथ तेंदुखेडा एस डी एम सौरभ गंधर्व और तेंदुखेडा एस डी ओ पी, डी एस ठाकुर पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने गौशाला भ्रमण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला कमेटी से मौजूद अध्यक्ष संजय जैन अमरचंद जैन सहित सदस्यों ने गौशाला में रहने वाले मवेशियों के संबंध में जानकारी दी। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने गौशाला में गोबर से तैयार होने बाली खाद्य धूपअगरबत्ती हमला बनाने की मशीन को देखा और अपने सुझाव गौशाला समिति के सदस्यों को दिए। नगर की दयोदय गौशाला बुंदेलखंड की सबसे बड़ी गौशाला है इस गौशाला के अच्छे कार्यों को लेकर प्रदेश की प्रथम गौशाला होने का पुरस्कार भी मिल चुका है। यह मवेशियों को पर्याप्त भोजन पानी रहने की व्यवस्था भी सदस्यों द्वारा बनाई गई है। गौशाला में गोवंश की अच्छी सेवा और देखरेख होने के कारण दूर दराज से लोग यह आते हैं और व्यवस्थाओं को देख प्रसन्नता जाहिर करते है। गौशाला समिति के अनुसार नगर की गौशाला में लगभग चार मवेशी रहते हैं। इनमें बुजुर्ग और आवारा मवेशी ज्यादा है। पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने गौशाला पहुंचकर भूसा के गोदाम देख गौशाला में छोटे छोटे बछड़े भी हैं जिनको गौशाला समिति दूध खरीदकर पिलाकर बड़ा कर रही है। सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने गोवंश की सेवा के लिए कमेटी सदस्यों को बधाई दी है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**जबेरा**। आम आदमी पार्टी ने जबेरा बस स्टैंड पर किसानों और आम जनों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान, पार्टी कार्यकर्ताओं और किसानों ने भ्रष्टाचार विरोधी नारे लगाए और अधिकारियों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लिया। एक ज्ञापन तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरव गंधर्व के नाम सौंपा गया, जिसमें कलूमर ग्राम पंचायत में आदिवासी किसानों को 2001 में दिए गए भूमि पट्टों के संबंध में उनकी समस्याओं का उल्लेख किया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि किसानों को उनके हक की जमीन दी जाए और भू अभिलेख में पटवारी द्वारा की गई गड़बड़ी का सुधार किया जाए। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने किसानों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश मजदूर यूनियन अध्यक्ष बसंत राय आप पार्टी जबेरा विधानसभा संयोजक किशोर नामदेव जिला अध्यक्ष बृजेश चौबे शिवम राय साहब सींग गुलाब सींग खिलान सींग जितेंद्र सींग भगवती बंसकार विनोद खरे मनीष धनगर सहित बड़ी संख्या में आदिवासी महिला पुरुष किसानों की मौजदगी रही।

### धर्म की स्थापना के लिए हर युग में अवतरित होते हैं भगवान - पं. आशीष कृष्ण शास्त्री

**बनवार**। बगलवारा (सगरा) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की चतुर्थ दिवस में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा श्रवण कराते हुए शास्त्री जी ने दक्ष प्रजापति की साठ कन्याओं के वंश का वर्णन किया। श्रीशुकदेव जी कहते हैं- परीक्षित! ब्रह्मा जी के बहुत अनुनय-विनय करने पर दक्ष प्रजापति ने अपनी पत्नी असिक्नी के गर्भ से साठ कन्याएँ उत्पन्न कीं। वे सभी अपने पिता दक्ष से बहुत प्रेम करती थीं। दक्ष प्रजापति ने उनमें से दस कन्याएँ धर्म को, तेरह कश्यप को, सत्ताईस चन्द्रमा को, दो भूत को, दो अंगिरा को, दो कृशाश्व को और शेष चार तार्क्ष्य नामधारी कश्यप को ही ब्याह दीं। कृत्तिका पुत्र स्कन्द भी अग्नि से ही उत्पन्न हुए। उनसे विशाख आदि का जन्म हुआ। दोष की पत्नी शर्वरी के गर्भ से शिशुमार का जन्म हुआ। वह भगवान का कलावतार है। वसु की पत्नी अंगीरसी से शिल्पकला के अधिपति विश्वकर्मा जी हुए। विश्वकर्मा के उनकी भार्या कृती के गर्भ से चाक्षुष मनु हुए और उनके पुत्र विश्वेदेव एवं साध्यगण हुए। इसके पश्चात सूर्यवंश का वर्णन करते हुए राजा रघु उनके पुत्र अज आगे पुत्र महाराज दशरथ एवं दशरथ की तीन रानियां से भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की कथा सुनाई एवं चंद्र वंश में महाराज वासुदेव एवं देवकी के अष्टम गर्भ से भगवान श्री कृष्ण के जन्म के साथ किस प्रकार कंस को आकाशवाणी से भय उत्पन्न हुआ। भगवान कहते हैं जब भी धरती पर आसुरी शक्तियां बढ़ जाती हैं तब मैं प्रत्येक युग में अवतरित होकर दुष्टो का संघार करने आता हूं। कंस के बंदीगृह में अष्टम गर्भ से भगवान अवतरित होकर रात्रि में ही गोकुल में नंद बाबा के घर में पहुंचा कर वसुदेव का पुनः मथुरा लौटने की कथा को सुनाया। जैसे ही कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ गोकुल में बधाई उत्सव के साथ कथा में पधारे समस्त भक्त भी बैंड बाजा की धुन पर एवं नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के साथ बड़ी हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया। कथा में पंडित गोविंद तिवारी, पंडित राधे महाराज, यजमान कल्लूसिंह, राजेश सिंह, महेश सिंह एवं आसपास के भक्तों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।

## जो ब्लैकलिस्टेड है, उन्हे उपार्जन कार्य में सम्मिलित न किया जाये: कलेक्टर

**दमोह**। रबी विपणन वर्ष RMS 2025-26 में 15 मार्च से प्रारंभ होने वाली गेहूं खरीदी से संबंधित गुणवत्ता नियंत्रण हेतु आवश्यक प्रशिक्षण कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रक एन.एस. खराड़ी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री कोचर ने प्रत्येक ब्लॉक में एक मॉडल (आदर्श) खरीदी केंद्र बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में अनियमितता बरतने वाली एवं उपार्जन कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण न करने वाली ब्लैकलिस्टेड संस्थाओं/व्यक्तियों को उपार्जन कार्य में सम्मिलित नहीं किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं को सुना और आवश्यक निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी राजेश पटेल, महाप्रबंधक कॉपरेटिव बैंक अनुपम खरे, जिला प्रबंधक नान लक्ष्मण राजावत, सर्वेयर सुपरवाइजर शुभम अग्रवाल एवं दमोह जिले के सभी ब्लॉक से आए हुए समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**दमोह**। न्यायालय उदय सिंह मरावी, विशेष न्याठयाधीश (एट्रोसिटीज एक्टप) दमोह की अदालत ने आरोपित अनिल तिवारी 33 वर्ष,लालू उर्फ राज तिवारी 25 वर्ष, उमाशंकर तिवारी 59 वर्ष और ऋषि तिवारी उर्फ ऋषभ 28 वर्ष सभी निवासी- टगरा मोहल्ला सिंग्रामपुर दमोह को भां.द.वि. की धारा 302/34 व 3(2) (वी) एससीएसटी एक्टस में आजीवन- आजीवन कारावास व रूपये के अर्थदण्ड् से दण्डित किया गया। मामले में पैरवी प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी कैलाशचंद पटेल के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सतीश कपस्याक द्वारा की गई व विवेचना तत्कालीन डीएसपी अशोक चौरसिया के द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि फरियादी निशा ठाकुर द्वारा 1 जून 2021 को घटनास्थल टगरा मोहल्ला सिंग्रामपुर जबेरा पर रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई कि वह टगरा मोहल्ला सिंग्रामपुर में रहती है तथा घरू काम करती है तथा वह आदिवासी जाति की है. उसके दो बाल-बच्चे कंचन और आनंद ठाकुर हैं। उसके मोहल्ले में ही अनिल तिवारी, ऋषि तिवारी, लालू उर्फ राज तिवारी व उमाशंकर तिवारी भी रहते हैं. जिनकी उसके पति पंचू उर्फ उजयार सिंह ठाकुर से दीपावली के समय से बुराई है। जिससे सभी उसके पति से रंजिश रखे हुए थे.उसी बुराई पर से आज एक जून 2021 के दिन करीब दो बजे उसके पति पंचू उर्फ उजयार सिंह ठाकुर ग्राम तिलगवां के रिश्तेदार संजय ठाकुर व उसके दोस्त सूरज ठाकुर तथा चन्नू ठाकुर के साथ, उसके घर खाना खा रहे थे. तभी अनिल तिवारी, ऋषि तिवारी, लालू उर्फ राज तिवारी व उमाशंकर तिवारी घर के सामने आये और उसके पति को गंदी-गंदी गालियां देने लगे. जो उसके पति ने गालियां देने से मना किया तो अनिल तिवारी ने उसके घर पर कुल्हाड़ी फेंककर मारी, जो दरवाजे पर लगी. उसके पति पंचू उर्फ उजयार सिंह ठाकुर, संजय ठाकुर, सूरज ठाकुर व चन्नु ठाकुर घर से बाहर आये, तो अनिल तिवारी ने अपने भाई लालू तिवारी से कुल्हाड़ी लेकर संजय ठाकुर को मारी, जो संजय ने हाथ से छेड़ी, तो संजय के हाथ में लगी, खून बहने लगा.उसके पति उजयार सिंह ठाकुर, सूरज ठाकुर व चन्नू ठाकुर रिश्तेदार संजय ठाकुर को बचाने दौड़ तो अनिल तिवारी ने उसके पति के सिर में कुल्हाड़ी मारी और ऋषि तिवारी व लालू उर्फ राज तिवारी ने लाठी से तथा उमाशंकर तिवारी ने पाईप से उसके पति पंचू उर्फ उजयार सिंह ठाकुर आदिवासी पिता कोराई सिंह ठाकुर, आयु 28 वर्ष को मारपीट कर जान से मार डाला है. तथा सूरज ठाकुर व चन्नू ठाकुर के साथ भी मारपीट की है, जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं.उसने घटना देखी है और पति को बचाने दौड़ी तो अनिल तिवारी ने कुल्हाड़ी की मुदारी उसके बायें हाथ की कलाई में मारी, जिससे उसके बायें हाथ की कलाई में चोट लगी है.मौके पर कल्लूसिंह राजपूत, विशाल राजपूत एवं और भी लोग थे, जिन्होंने घटना देखी है. फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया. न्यायालय में आई मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर न्यायालय ने चारों आरोपीगण को आजीवन- आजीवन कारावास से दंडित किया।

# महाआरती में उमड़ा जन सैलाब



**दमोह**। अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है जिसके क्रम में 41 वी महाआरती का आयोजन किया गया। पंडित बृजेश पाठक गोपाल जी के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया इसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती करने का सौभाग्य मुरारी लाल श्रीकांत अग्रवाल को प्राप्त हुआ। महाआरती में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज दमोह के अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, वैसे महासम्मेलन जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल अग्रवाल, जन जागरण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल, ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, एडवोकेट विनोद अग्रवाल, डॉक्टर अशोक अग्रवाल केदारनाथ अग्रवाल, राजबहादुर अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रभु नारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल, तूफान ओम अग्रवाल, सीता रानी रिद्धि, कुसुम मीना, अनीता, रेखा, ममता, चंद्रा कांति, सुषमा, रश्मि, आशा, समी ज्योति, रिद्धि, अनीता, गौरी, पूर्वी अंजलि सविता सरिता अभिधा अदिति समृद्धि स्वस्ति श्रीजी आदित्य विशेष सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुषों बच्चों की उपस्थिति रही अगली महा आरती का आयोजन 1 अप्रैल मंगलवार को किया जावेगा।

## आजीवन सहयोग निधि के संबंध में भाजपा पार्षद दल की बैठक संपन्न



**दमोह**। जिला भाजपा कार्यालय में नगर पालिका दमोह के पार्षद दल की बैठक जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें आजीवन सहयोग निधि के संबंध में चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम का कार्य सतत जारी है इसी संबंध में आज की यह बैठक आयोजित की गई है, जो लक्ष्य संगठन द्वारा निर्धारित किया गया है उसे हम सभी को मिलकर पूर्ण करना है। बैठक में आजीवन सहयोग निधि जिला प्रभारी संजय सेन, जिला उपाध्यक्ष आजीवन सहयोग निधि विधानसभा प्रभारी रमन खत्री, अमित बजाज, महामंत्री गोपाल पटेल, मीडिया प्रभारी एवं आजीवन सहयोग निधि सह प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, दमयन्ती मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष विजय जैन, कविता राय, हिना परोचे विक्रांत गुप्ता, गोपाल ठाकुर, गणेश जाटव, नितिन चौरसिया, मनीष शर्मा, यशपाल राजपूत, विवेक सेन, धीरज घारू, सतीश जैन, अमित त्यागी, मोनू राजपूत, टोनी राय, पवन चंदेल, संजय कुशवाहा की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### सी.एम. हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक आज

**दमोह।** सी.एम. हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की समीक्षा किये जाने हेतु आज 06 मार्च को शाम 05 बजे से कर्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर (विकास) प्रवीण फुलपगारे ने जिले के समस्त संबंधित विभाग प्रमुखों से कहा है कि उक्त आयोजित बैठक में लंबित शिकायातों की विस्तृत रिपोर्ट सहित निर्धारित समय एवं स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### वसूली पखवाड़ा 5 मार्च से 20 मार्च 2025 तक

**दमोह।** तहसीलदार दमयंतीनगर/दमोह ने समस्त बकायादारों को सूचित करते हुये कहा है कि बकाया भू-राजस्व एवं डायवर्सन शुल्क 20 मार्च 2025 तक जमा कराना सुनिश्चित किया जाये, अन्यथा की स्थिति में कुर्की की कार्यवाही कर भूमि/ मकान/ दुकान में ताला बंदी कर नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा है अप्रिय स्थिति से बचने के लिए समय पर भुगतान कर चालान तहसील कार्यालय में जमा किया जाये।

### वेयर हाऊस का किया निरीक्षण

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज ईव्हीएम मशीनों के नवीन वेयर हाऊस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गोवर्धन राज, संदीप बरदिया, ईव्हीएम वेयर हाऊस इंचार्ज सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर मांडवी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### अमृत सरोवर के तहत बने 113 तालाबों की होगी जाँच, सासंद ने दिये निर्देश

# मक्का की खेती प्रोत्साहन के लिए बेहतर प्लानिंग के साथ काम किया जाये-राहुल सिंह

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न,दिए गये अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, जनपद अध्यक्ष प्रीती कमल ठाकुर, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे,एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, सहित समिति सदस्यगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में सांसद राहुल सिंह ने कृषि अधिकारियों से कहा है की मक्का की खेती को प्रोत्साहन के लिए पूर्व बैठक में निर्देश दिए गए थे, इसमें बेहतर काम किया जाए इसमें काफी संभावना है। उन्होंने बालाकोट से चिरई मनका, बटियागढ़-सौरई आदि अन्य मार्गो का प्रधानमंत्री सड़क में शामिल करने परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के स्टापडेम और जलाशयों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इनमें जो आवश्यक कार्रवाई है सुधार आदि कराई जाए। सांसद श्री लोधी ने नर्मदा सुनार नदी को जोड़ने के संबंध में चर्चा करते हुए नदी जोड़ने क संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा जितने भी हैंडपंप है, जिनका सुधार आवश्यक है, अभी ही करा लिए जाएं। सांसद श्री लोधी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलकर वसूली के लिए सभी से मिलकर प्रयास करने की बात कही। उन्होंने 7 मार्च को जन औषधि केंद्र में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम रखने की बात करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में आवश्यक रूप से शामिल होंगे।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मुख्य रूप से जो अमृत सरोवर और तालाब की जांच का विषय आया उसमें टीम गई हुई है, और यह भी तय किया गया है, 113 अमृत सरोवर पूरे दमोह जिले में बने हुये थे, जो 08 तालाब है, उनकी जांच होने के बाद टीम गठित होकर सभी 113 तालाबों की जांच होगी, यदि कहीं उनकी गुणवत्ता और उनके कार्य में यदि कोई कमी पाई जाती है तो जो भी दोषी होगा, जिन्होंने काम किये है और जो भी अधिकारी दोषी पाया जाएगा उन पर कार्रवाई होगी, प्रारंभिक रूप से यह तय किया गया है। उन्होने कहा सहयोग से ओवरब्रिज की लाईट चालू हुई है, दमोह बेहतर हो, व्यवस्थाएं बेहतर हो उसके लिये सभी जनप्रतिनिधि लगे हुये है, जो भी बेहतर होगा जनप्रतिनिधि के तौर पर करेंगे। उन्होंने कहा अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक होती रहती है कि किस प्रकार से पानी की व्यवस्था बेहतर की जाए, पंचमनगर बांध के विषय में वहां पर पाइप लाइन नहीं बिछ पा रही है, उसको लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा निरंतर अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक लेकर काम अच्छी तरह से हो जाए, सारी योजनाएं जमीन पर उतर जाएं, इसको लेकर हर 3 माह में दिशा की बैठक होती है। मुख्य रूप से पराली का विषय बार-बार आ जाता है, खेती-किसानी का काम जब पूरा हो जाता है और जब गेहूं कट जाता है, उसके बाद जो बचता है, उसको जला देते हैं, उसमें भी गाइडलाइन तय की गई है, जिससे वातावरण भी खराब ना हो। एक बड़ा विषय है जो पिछली बार मॉडल रोड का आया था, उसका कार्य भी प्रारंभ हो गया है, खंबे गढ़ रहे हैं, मॉडल रोड भी बनकर तैयार हो जाएगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज जिला निगरानी समिति की बैठक हुई है जिसमें मुख्य निर्णय लिया गया है कि जो किसान गेहूं की फसल के बाद नरवाई में आग लगा देते हैं उन्हें मुख्य रूप से जागृत करना है, कि नरवाई में आग नहीं लगानी है, इससे मृदा संरक्षण में हानि होती है और आने वाली फसल में भी हानि होती है। उन्होंने कहा जिन जगहों और स्कूलों के लिए सड़कें नहीं है, उनके लिये सड़क निर्माण हो सके, गर्मी का सीजन आने वाला है उसके लिए भी निर्णय दिए गए हैं जहां-जहां पाइपलाइन खराब है या जहां पर नलकूप की व्यवस्थाएं नहीं है वह व्यवस्था की जाए और पीने योग्य जल हर घर में पहुंचे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा बैठक में विभिन्न विकास योजना और हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा सांसद जी ने की है। विभिन्न कार्यों के संबंध में उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं, खासतौर से नरवाई जलाने के संबंध में, हार्वेस्टर के रेगुलेशन के संबंध में, तालाबों की जांच के संबंध में कई चीजों में उन्होंने समय सीमा के साथ निर्देश दिए हैं, कि इतने समय के अंदर यह काम हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा पूरी टीम का प्रयास रहेगा कि जो समय सीमा निर्धारित की गई है और जो निर्देश दिए गये हैं, उनका पालन करेंगे अगली बैठक से पहले सारे मुद्दों पर कार्रवाई हो जाए यह सुनिश्चित किया जायेग। आयोजित बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने आवास प्लस 2024 सर्वे के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी जगह सर्वे की कार्रवाई जारी है, हितग्राही भी ऑनलाइन एंट्री कर सकता है, इस हेतु कैंप भी लगाए जा रहे हैं। अब तक 91 हजार सर्वे का कार्य हो गया है, ग्राम सर्वे की तिथियां तय कर उनका प्रचार प्रचार भी कराया गया है। बैठक में समिति के सम्माननीय सदस्यगण और जिला अधिकारी मौजूद रहे।

**दर्दनाक हादसाः** रामगोपाल जी वार्ड के सुरईघाट की घटना

## पतंग उड़ाते समय बालक की नदी में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर थाना क्षेत्र के रामगोपाल जी वार्ड के सुरईघाट के समीप रहनें वाले एक किशोर बालक पतंग उड़ाते समय फिसलकर नदी के घाट किनारे गिर जाने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है।परिजनो एवं आस पड़ोस के लोगो को घटना की जानकारी लगते ही तुंरत ही बालक को सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर परीक्षण उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार रामगोपाल जी वार्ड निवासी मानवेन्द्र राजपूत का पुत्र पृथ्वी राजपूत उम्र 9 बर्ष सुरई घाट के किनारे रहता था और रोजाना की तरह आज भी पतंग उड़ा रहा था कि अचानक पतंग उड़ाते समय वह फिसलकर नदी के घाट किनारे गिर गया वही करीब 01 बजे के आसपास घाट के आसपास कचरा बीनने वालो को नदी किनारे बालक को डूबा देखा तो उनके द्वारा शोर मचाया गया तो आस-पड़ोस के लोगो द्वारा जाकर देखा और तुंरत ही उस बालक पृथ्वी को सिविल अस्पताल ले गए जहां डाक्टर्स परीक्षण उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना उपरांत आस-पड़ोस के लोगो द्वारा जानकारी दी गई कि उसकी मां घर पर अकेली थी वह बालक कब पतंग उड़ाने चला गया और उसके साथ यह हादसा घटित हो गया।

वहीं मृतक बालक के कपड़ो पर मिट्टी लगी देखी गई जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बालक फिसलकर घाट किनारे मिट्टी में धंसकर पानी में डूब गया होगा।परिजनो द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई जहां पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही उपरांत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## चैक बाउंस के आरोपी को चार माह का कारावास

### 1,54,000 रुपये प्रतिकर देने का निर्णय पारित

**दमोह।** न्यायलय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी दमोह की न्यायाधीश सुश्री प्रिय राठी द्वारा यूको बैंक के डिफाल्टर एवं चैक बाउंस के आरोपी राजेंद्र यादव निवासी ग्राम भदौली जिला दमोह को दोषी मानते हुए 04 माह का कारावास एवं 1,54,000 रुपये प्रतिकर की राशि दिए जाने एवं प्रतिकर की राशी बैंक को अदा नही करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया है। परिवादी यूको बैंक के अधिवक्ता प्रवीण कुमार चतुर्वेदी द्वारा बताया गया की आरोपी राजेंद्र यादव ने यूको बैंक शाखा दमोह से वर्ष 2018 में मुद्रा योजना के तहत एक लाख रुपये का ऋण किराना दुकान के व्यवसाय के लिए प्राप्त किया था, जिसकी किस्तों के भुगतान के एवज में आरोपी राजेंद्र यादव ने वर्ष 2018 में इलाहाबाद बैंक शाखा दमोह में खुले अपने खाते का एक चैक 93,000 रुपये राशी भरकर परिवादी यूको बैंक को प्रदाय किया था, जिसे परिवादी यूको बैंक ने जव भुगतान के लिए पेश किया तो वह आरोपी राजेंद्र यादव के खाते में अपर्याप्त राशी होने से बाउंस हो गया, जिसका नोटिस परिवादी यूको बैंक ने अधिवक्ता प्रवीण कुमार चतुर्वेदी के मार्फत आरोपी को भेजा था, जिसकी जानकारी के बाद भी आरोपी ने चैक राशी अदा नहीं की तब परिवादी यूको बैंक ने अपने अधिवक्ता प्रवीण कुमार चतुर्वेदी के मार्फत न्यायलय में परिवाद प्रस्तुत किया, न्यायलय ने दोनों पक्षों की गवाही उपरांत तर्क सुनकर परिवादी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी राजेंद्र यादव को धारा 138 परक्राम्य अधिनियम का दोषी पाकर उसे 04 माह का कारावास एवं 1,54,000 रुपये प्रतिकर की राशि दिए जाने के साथ प्रतिकर की राशी बैंक को अदा नही करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किये जाने का दण्डादेश से दण्डित किये जाने का निर्णय पारित किया है।

## सर्तकता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दिए दिशा निर्देश

**दमोह।** जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जहां भी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित हैं, उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अब तक की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे विशेष रूप से मौजूद रहे।इस अवसर पर सांसद श्री लोधी ने मौजूद सदस्यों से चर्चा की उनकी बातें व समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई के लिए कहा। इस अवसर पर सदस्यों ने छात्रावासों के संबंध में अपनी बातें रखी। सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देशानुसार आवश्यक समस्त कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वन अधिकार पट्टे के विषय पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि आगामी बैठक से वन अधिकार पट्टा के विषय को भी शामिल कर लिया जाएगा। बैठक में समिति के सम्माननीय सदस्य गण और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने 17 किलो गांजा सहित कार जब्त की

### पुलिस को देखकर कार छोडा भागा आरोपी

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन एवं अति.पु.अधी. महोदय संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी महोदय पथरिया रघुकेशरी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया धर्मन्द्र गुर्जर एवं गठित टीम सउनि. मलखान सिंह, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, आरक्षक वीरसिंह, आरक्षक गब्बर सिंह नें दिनाँक 05 मार्च 2025 को मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला एवं बलेनो कार में 17 किलो अवैध मादक पदार्थ गाँजा कीमती करीबन 1,70,000/- रुपये सहित बलेनो कार कीमती करीबन 6,00,000/- रुपये को जप्त किया गया। अधिकारियो एवं कर्मचारियो के नाम थाना प्रभारी हिण्डोरिया धर्मन्द्र गुर्जर एवं गठित टीम सउनि. मलखान सिंह, प्र. आरक्षक 158 अभिषेक चौबे, आरक्षक गब्बर सिंह, आरक्षक वीरसिंह की विशेष भूमिका रही है।

## बाइक खाई में गिरने से 2 लोगों की मौत

**दमोह।** बुधवार को पथरिया थानांतर्गत जगथर के समीप एक बाइक डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होकर खाईनुमा नाले में जा गिरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेरठखेड़ा निवासी मुन्ना यादव एवं सेमरा कछार निवासी पंखू यादव बाइक से केरबना जा रहे थे रास्ते में जगथर के समीप बाइक दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 फिट खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने दोनों को बाहर निकालकर पथरिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच में लिया है।

## वाहनों की चेकिंग कर जुर्माना वसूला

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने हटा के चिरोल तिगड्डा पर वाहनों के चेकिंग का अभियान चलाया, जिसमे अनेक वाहन परिवहन के नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर विभिन्न धाराओं में चालान करके 13 हज़ार 900 रुपये का जुर्माना बसूला गया। आर टी ओ ने बताया कि यह वाहन चेकिंग लगातार चलेगी, जिले में अवैध या नियम विरूद्ध वाहन संचालन पर संख्त कार्यवाही की जाएगी।

## यातायात थाने में ई-रिक्शा का किया गया रजिस्ट्रेशन

### हर ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा को अब दिए जा रहे यूनिक नम्बर, चिपकाये गए स्टिकर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों पर अमल प्रारंभ किया गया। इस सबंध में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को में बताया शहर में ऑटो एवं ई-रिक्शा की बढ़ती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुए इनके व्यवस्थित रूप से संचालन हेतु थाना यातायात द्वारा ऑटो एवं ई-रिक्शा के समस्त दस्तावेजों की चेकिंग, चालक के लाइसेंस की चेकिंग कर नंबरिंग की गई। साथ ही चालक को अपना चरित्र सत्यापन करने हेतु पाबंद किया गया हैं। उन्होंने कहा जो भी ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक है वह अपने वाहन के समस्त दस्तावेज, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस तथा मालिक और चालक का पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड और वाहन सहित थाने में उपस्थित होकर नंबरिंग करा सकते है। उन्होंने बताया ऑटो की नंबरिंग पीले एवं ई-रिक्शा की नंबरिंग हरे रंग से की गई हैं।

## सेफ्टी वाल तोड़ते खाई में गिरा ट्रैक्टर ट्रॉली, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



चोरइया मडियादो मार्ग पर लमती घाटी में एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सेफ्टी वाल तोड़ते हुए खाई में गिर गया। ट्रैक्टर में बैठे चालक सहित अन्य दो लोग घायल हो गए जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए छतरपुर भेजा गया। जानकारी के अनुसार मोहन यादव पिता पंचम यादव उम्र 26 वर्ष अन्य दो साथी गंगाराम यादव ओर सोनू यादव सभी निवासी बढ़ा हार जिला छतरपुर के साथ भूसा भरने दमोह क्षेत्र के किसी गांव में जा रहा था। घटना 12 बजे दोपहर की बताई जा रही। खाई में गिरा ट्रैक्टर ट्रॉली बड़े पेड़ में फंस गया जिससे बड़ा हादसा टल गया गया। वहीं इस घटना में एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर मडियादो पुलिस से एएसआई राधे प्रसाद राय, आरक्षक निशांत वैष्णव , पायलट नीरज अहिरवार मौके पर पहुंच गए। पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के श्री कौशलाधीश मंदिर नायक तिगड्डा पर सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन बुधवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुई। कलश यात्रा का शुभारंभ मां चंडी जी मंदिर से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ हुई जो बंसीसागर रतन बजरिया से होते हुए प्यासी मोहल्ला से श्री कौशलाधीश मंदिर पहुंची जहां विधि विधान के साथ कलश पूजन किया गया। इसके उपरांत कथाचार्य जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महराज पीठाधीश्वर महाकाली पीठ रनेह बालों के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम दिवस की कथा का रसपान कराते हुए समय के महत्व को बताया उन्होंने कहा कि जीवन बहुत छोटा है, समय तेजी से गुजर रहा है जल्दी ईश्वर में मन लगा लोगे तो भव पार हो जाओगे। ईश्वर ने आपको मनुष्य जन्म ही इसीलिए दिया ताकि आप भगवान के नाम को जपकर जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो सकते हो। समय की गाड़ी कब पलट जाएगी, अहसास भी नहीं होगा और ये सारी दुनियादारी धरि धराई रह जायेगी। गुरुदेव ने कहा कि, संसार में रहकर ऐसी भक्ति करो कि आपको भगवान याद आ जाए और जीवन ऐसा जीओ की भगवान आपको याद कर ले। संसार में रहकर इसकी सेवा करना है, न कि इसे अपना मानना है ये सेवा अपने माता-पिता सास-ससुर भाई बहन या दुखी की करके हो सकती है। कथा में समस्त नगरवासी क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## पोषण ट्रैकर के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**सिंग्रामपुर।** जबेरा परियोजन अधिकारी ने सिंग्रामपुर सेक्टर मे 5 मार्च 2025 को आंगनबाड़ी केंद्र सिंग्रामपुर क्रमांक 1 में पोषण ट्रैकर अंतर्गत एफ आर सी का प्रशिक्षण सिंग्रामपुर एवं सिंगपुर सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जिसके अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं को फेस कैपचरिंग ,ई केवाईसी, हितग्राही पंजीयन एवं सभी हितग्राही सर्वे के बारे में समझाया गया साथ ही दोनों सेक्टर के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई इस अवसर पर परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया,पर्यवेक्षक श्री सुन्दरलाल अहिरवार, पर्यवेक्षक श्रीमती प्रीति शर्मा ,ब्लॉक समन्वयक आशीष पटेल की उपस्थिति रही।

## पुराना तालाब जबेरा आवासीय डायवर्सन निरस्त

**बनवार/जबेरा।** दमोह जिले के जबेरा में पुराने तालाब के आवासीय डायवर्सन को न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। यह आदेश अपर कलेक्टर जिला दमोह द्वारा दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेंदूखेड़ा द्वारा डायवर्सन आदेश पारित करने से पहले मौका स्थल जांच नहीं की गई थी, जो उचित नहीं है। इस मामले में राजेश दुबे पिता शरद दुबे निवासी बम्होरी सिंगौरगढ़ ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपील की थी। अपील में कहा गया था कि तालाब पानी मत की भूमि खसरा नंबर 346/1/3/5 को आवासीय मध में डायवर्सन स्वीकार किए जाने का आदेश दिनांक 16/05/2021 को पारित किया गया था। न्यायालय ने अपीलार्थी की अपील स्वीकार करते हुए डायवर्सन आदेश को निरस्त कर दिया और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेंदूखेड़ा को निर्देश दिया कि वह प्रशानधीन बाद भूमि का स्थल निरीक्षण करे और हितबद्ध पक्षकारों तथा आपत्तिकर्ताओं को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए संगत आदेश पारित करे। बात दें तालाब की भूमि को बगैर स्थल निरीक्षण किये बगैर पहले तो तालाब से कृषि में डायवर्सन किया फिर आवासीय में डायवर्सन किया । पुराने रिकार्ड में पानी तालाब दर्ज है पुराने रिकार्ड में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है इस तालाब में ग्रामीणों का नहाना धोना मवेशियों को पानी पिलाना आदि रोक टोक मुक्त होता है। लेकिन यहां तो मामला कुछ और ही है कि राजस्व विभाग की मिलीभगत जल से कृषि से आवासीय मैं डायवर्सन कर प्लाटिंग करने का कार्य चल रहा है ग्रामीणों द्वारा तहसील में कितने बार आवेदन देकर अवगत कराया गया है कि यह तालाब हम सब ग्रामवासियों के उपयोग के लिए और रिकॉर्ड में भी दर्ज है उसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा जिसकी खबर अखवार में प्रकाशित होने के बाद इस मामले में राजेश दुबे पिता शरद दुबे निवासी बम्होरी सिगौरगढ़ ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपील की थी।

## माशिमं के उपाध्यक्ष श्री राव ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**दमोह।** जिले के सभी 84 परीक्षा केंद्रों पर कैमरे के माध्यम से रखी जा रही हैं जिसका जिला स्तरीय कंट्रोल रूम जेपीबी स्कूल में बताया गया है। आज माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव ने इस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं को सराहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव ने कहा समस्त जिलों में जो शासन द्वारा स्थापित की गई, इसका अनूठा प्रयोग और पहल दमोह जिला कलेक्टर और यहां के डी.ई.ओ. और समस्त अधिकारियों ने सारे सेंटरों को एक जगह मॉनिटर करने की व्यवस्था की है, मैं समझता हूं यह प्रदेश के पूरे जिलों में होना चाहिए। सीपीआई महोदय से मैं निवेदन करूंगा, इसके एक चैलेंज के रूप में अगले वर्ष सभी जिलों में अमल करने का प्रयास करें और बोर्ड से इन्हे क्या सुविधाएं चाहिए, यह बोर्ड चेयरमैन से हम बात करेंगे। यह एक अनूठा प्रयास है जो मुझे बहुत अच्छा लगा।



**कार्यालय ग्राम पंचायत हरदुआ हाथीघाट**

क्रमांक / ग्रा.प./स्था./2025-26/ **विज्ञप्ति** दिनांक 05/03/25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरदुआ हाथीघाट जनपद पंचायत तेंदूखेडा जिला दमोह के द्वारा निर्माण कार्य व अन्य सामग्री क्रय किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 06/03/25 से 21/03/25 तक कार्यालयीन समय सायं 06 बजे तक कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। जो भी फर्म अपना कोटेशन प्रस्तुत करना चाहे, प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त कोटेशनों की पात्रता / अपात्रता का निर्णय ग्राम पंचायत का सर्वमान्य होगा।

ग्राम पंचायत हरदुआ हाथीघाट